1

देवव्रत

गंगा एक सुंदर युवती का रूप धारण किए नदी के तट पर खड़ी थी, उनके सौंदर्य और नवयौवन ने राजा शांतनु को मोह लिया था।

गंगा बोली, "राजन्! आपकी पत्नी होना मुझे स्वीकार है, पर इससे पहले आपको मेरी शर्तें माननी होंगी। क्या आप मानेंगे?"

राजा ने कहा–"अवश्य!"

राजा शांतनु ने गंगा की सारी शर्तें मान लीं और वचन दिया कि वह उनका पूर्ण रूप से पालन करेंगे।

समय पाकर गंगा से शांतनु के कई तेजस्वी पुत्र हुए, परंतु गंगा ने उनको जीने नहीं दिया। बच्चे के पैदा होते ही वह उसे नदी की बहती हुई धारा में फेंक देती थी और फिर हँसती-मुसकराती राजा शांतनु के महल में आ जाती थी।

अज्ञात सुंदरी के इस व्यवहार से राजा शांतनु चकित रह जाते। उनके आश्चर्य और क्षोभ का पारावार न रहता। शांतनु वचन दे चुके थे, इस कारण मन मसोसकर रह जाते थे।

सात बच्चों को गंगा ने इसी भाँति नदी की धारा में बहा दिया। आठवाँ बच्चा पैदा हुआ। गंगा उसे भी लेकर नदी की तरफ़ जाने लगी, तो शांतनु से न रहा गया। बोले–"माँ होकर अपने नादान बच्चों को अकारण ही क्यों मार दिया

Scanned with CamScanner

करती हो? यह घृणित व्यवहार तुम्हें शोभा नहीं देता है।"

राजा की बात सुनकर गंगा मन-ही-मन मुसकराई, परंतु क्रोध का अभिनय करती हुई बोली–"राजन्! क्या आप अपना वचन भूल गए हैं? मालूम होता है कि आपको पुत्र से ही मतलब है, मुझसे नहीं। आपको मेरी क्या परवाह है! ठीक है, पर शर्त के अनुसार मैं अब नहीं ठहर सकती। हाँ, आपके इस पुत्र को मैं नदी में नहीं फेंकूँगी। इस अंतिम बालक को मैं कुछ दिन पालूँगी और फिर पुरस्कार के रूप में आपको सौंप दूँगी।"



यह कहकर गंगा बच्चे को साथ लेकर चली गई। यही बच्चा आगे चलकर भीष्म पितामह के नाम से विख्यात हुआ।

गंगा के चले जाने से राजा शांतनु का मन विरक्त हो गया। उन्होंने भोग-विलास से जी हटा लिया और राज-काज में मन लगाने लगे।

एक दिन राजा शिकार खेलते-खेलते गंगा के तट पर चले गए, तो देखा किनारे पर खड़ा एक सुंदर और गठीला युवक गंगा की बहती हुई धारा पर बाण चला रहा था। बाणों की बौछार से गंगा की प्रचंड धारा एकदम रुकी हुई थी। यह दृश्य देखकर शांतनु दंग रह गए।

इतने में ही राजा के सामने स्वयं गंगा आकर उपस्थित हो गई। गंगा ने युवक को अपने पास बुलाया और राजा से बोली–"राजन्, पहचाना मुझे और इस युवक को? यही आपका और मेरा आठवाँ पुत्र देवव्रत है। महर्षि वसिष्ठ ने इसे शिक्षा दी है। शास्त्र-ज्ञान में शुक्राचार्य और रण-कौशल में परशुराम ही इसका मुकाबला कर सकते हैं। यह जितना कुशल योद्धा है, उतना ही चतुर राजनीतिज्ञ भी है। आपका पुत्र, मैं आपको सौंप रही हूँ। अब ले जाइए इसे अपने साथ।"

गंगा ने देवव्रत का माथा चूमा और आशीर्वाद देकर राजा के साथ उसे विदा कर दिया।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date.

UNACCO SCHOOL
EXCELLENCE IN EDUCATION
STUDY MATERIAL

CLASS - VII Sub - HINDI

महाभारत

पाठ - 1 (देवव्रत)

1) प्रश्नोत्तर

क. शांतनु कहाँ के राजा थे ?

उत्तर - शांतनु हस्तिनापुर के राजा थे।

ख. शांतनु के सम्मुख गंगा ने पत्नी बनने के लिए क्या शर्त रखी थी ?

उत्तर - गंगा ने यह शर्त रखी कि "मैं कुछ भी करूँ, आप मुझसे कुछ नहीं कहेंगे।

ग. गंगा ने कितने पुत्रों को नदी की बहती धारा में फेंक दिया था ?

उत्तर - गंगा ने अपने सात पुत्रों को पैदा होते ही नदी की धारा में फेंक दिया था।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date.

घ. गंगा जब आठवें बच्चे को लेकर नदी की ओर चली तब शांतनु ने उससे क्या कहा ?

उत्तर - गंगा जब आठवें बच्चे को नदी की ओर लेकर चली तब शांतनु ने कहा - "माँ होकर अपने नादान बच्चों को अकारण ही क्यों मार दिया करती हो ? यह घृणित व्यवहार तुम्हें शोभा नहीं देता है ।"

ङ. संक्षेप में शांतनु का वंश - वृक्ष बनाइए ।

उत्तर -



Page No.
Date.

च) गंगा के आठवें बच्चे का नाम क्या है ?
उत्तर - गंगा के आठवें बच्चे का नाम देवव्रत है ।

छ) देवव्रत को उसके पिता ने पहली बार कब देखा ?
उत्तर - एक दिन राजा शिकार खेलते - खेलते गंगा के तट पर चले गए, तो देखा किनारे पर खड़ा एक सुंदर और गठीला युवक गंगा की बहती हुई धारा पर बाण चला रहा था। बाणों की बौछार से गंगा की प्रचंड धारा एकदम रुकी हुई थी। यह दृश्य देखकर शांतनु दंग रह गए। यह बालक ही देवव्रत था।

3) शब्दार्थ

अभिनय - नाटक ।
पुरस्कार - इनाम ।
कुशल - चतुर ।
नादान - भोले - भाले ।
अज्ञात - जिसके बारे में कुछ पता न हो।
अकारण - बिना किसी कारण के ।

Teacher's Signature ....

Scanned with CamScanner